आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 30.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड में प्री–एसआईआर गतिविधियों के तहत संचालित बीएलओ आउटरीच अभियान के पहले चरण में 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी। दूसरा चरण पहली से 15 फरवरी तक चलाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून सीजन में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए सभी कार्य समय से पूरे करने के निर्देश दिए।
- पिथौरागढ़ जिले में प्रशासनिक कामकाज को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सरकारी विभागों में ई–ऑफिस व्यवस्था शुरू।
- बागेश्वर में जिलेभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

**प्री–एसआईआर**

उत्तराखंड में प्री–एसआईआर गतिविधियों के तहत संचालित बीएलओ आउटरीच अभियान के पहले चरण में प्रदेश के 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी कर ली गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने आज सचिवालय में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान का दूसरा चरण पहली फरवरी से 15 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस चरण में युवा और महिला मतदाताओं की मैपिंग पर विशेष फोकस रखा जाएगा। श्री जोगदंडे ने बताया कि प्री–एसआईआर के तहत प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12 हजार सत्तर बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से शत–प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील भी की है।

## मुख्यमंत्री/समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून सीजन में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए सभी कार्य समय से पूरे करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज सचिवालय में सिंचाई परियोजनाओं के तहत नदी संरक्षण और गाद हटाने की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि लघु सिचांई विभाग की ओर से जल संरक्षण, संवर्द्धन व संभरण योजनाओं के तहत चेक डैम निर्माण, रिचार्ज शॉफ्ट निर्माण और तालाब निर्माण किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा राज्य में 708 चेक डैम बनाये गये हैं। इसके अलावा नौ वन प्रभागों में पेयजल विभाग और सारा के माध्यम से 14 जल स्रोतों के उपचार के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। वहीं, कैम्पा योजना के अन्तर्गत विभिन्न वन प्रभागों में 247 जल धाराओं का उपचार किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग को वनाग्नि की रोकथाम के लिए अभी से तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। साथ ही वनभूमि पर होने वाले अतिक्रमण को भी प्राथमिकता पर हटाए जाने के निर्देश दिए।

## प्रगति पोर्टल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में केंद्र सरकार के प्रगति पोर्टल विषय पर पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी, देहरादून द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं, योजनाओं और जन शिकायतों की त्वरित समीक्षा व समाधान के लिए प्रो एक्टिव एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन यानी प्रगति पोर्टल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रगति पोर्टल केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों की निगरानी करता है और पोर्टल में आई समस्याओं का समाधान भी करता है, जिसकी वजह से योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरती हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मौजूदा समय में उत्तराखंड में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली 42 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, इनमें से 15 उच्च मूल्य वाली परियोजनाओं की समीक्षा प्रगति पोर्टल के तहत की जा रही है। इनमें से अब तक 10 योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं और 32 परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

**आशा <u>कार्यकर्ता सम्मान</u>**

बागेश्वर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में आज जिले भर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें जिले की स्वास्थ्य सेवाओं और आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर विधायक पार्वती दास ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को शासन स्तर पर रखा जाएगा, ताकि उन्हें उनके परिश्रम का उचित सम्मान और लाभ मिल सके।

वहीं, सम्मानित आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

**<u>ई–ऑफिस</u>**

पिथौरागढ़ जिले में प्रशासनिक कामकाज को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सभी सरकारी विभागों में ई–ऑफिस व्यवस्था शुरू कर दी गई है। अब विकास कार्यों से जुड़ी सभी फाइलें डिजिटल माध्यम से संबंधित अधिकारी तक पहुंचेंगी। इससे फाइलों में अनावश्यक देरी की समस्या खत्म होगी। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि ई–ऑफिस से कार्यों में तेजी आएगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक जवाबदेह बनेगी।

**<u>जन–जन की सरकार</u>**

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आज चमोली जिले में कर्णप्रयाग विकासखंड की न्याय पंचायत झिरकोटी में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान दर्ज की गईं 58 शिकायतें में से 52 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

**<u>मोटर मार्ग</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर जिले के तीन मोटर मार्गों के नाम परिवर्तन किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। इस संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार बागेश्वर जिले के काण्डे थपलिया मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय राम सिंह गडिया मोटर मार्ग किए जाने का अनुमोदन किया गया है। वहीं, करूली बैण्ड से गाजली बिजौरिया मोटर मार्ग का नाम शहीद स्वर्गीय रामदत्त पाण्डेय मोटर मार्ग और बिलखेत गैराड़ मोटर मार्ग का नाम स्वर्गीय हीरा सिंह धपोला मोटर मार्ग किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

........